# अंबाला में नकली शराब के कारोबार का भंडाफोड़, हरियाणा से यूपी भेजी जानी थी खेप



Publish Date:Wed, 10 Mar 2021 04:56 PM (IST)Author: **Anurag Shukla**

*अंबाला में नकली शराब का भंडाफोड़ हुआ है। एक को गिरफ्तार किया गया। उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में जानी थी यह शराब। मौके से शराब बनाने का सामान भी बरामद हुआ। सीआइए और आबकारी एवं कराधान विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से दुराना गांव में की कार्रवाई।*

**अंबाला, जेएनएन।** बुधवार को अंबाला के गांव दुराना में पुलिस ने नकली शराब बनाने के कारोबार का भंडाफोड़ किया है। यह धंधा पशुओं के बाड़े की आड़ में चलाया जा रहा था, जबकि मौके से नकली शराब बनाने का भारी मात्रा में सामान भी बरामद हुआ है। यह कार्रवाई सीआईए व अाबकारी एवं कराधान विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से की है।

पुलिस गांव दुराना के राकेश कुमार के खिलाफ मामला दर्ज करके कार्रवाई शुरू की है। बताया जाता है कि यह शराब उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में सप्लाई होनी थी। फिलहाल पुलिस छानबीन कर रही है कि नकली शराब बनाने के मामले में कौन-कौन गिरफ्तार हैं और यह कहां-कहां सप्लाई की जाती थी। यह कार्रवाई उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त (आबकारी) आलोक पासी, एईटीओ एक्साईज आत्मा राम, भगत सिंह, कुलदीप सिंह, कंचन पांडे, इंस्पेक्टर राम प्रकाश, सुरेंद्र कटारिया, एसआई आबकारी नरेश कुमार, हवलदार आशीष शामिल रहे।



सीआईए को सूचना मिली थी कि गांव दुराना में नकली शराब बनाने का कारोबार किया जा रहा है। इसी सूचना पर पुलिस ने गांव दुराना में बुधवार को छापामारी की। गांव की दो महिला बिल्डिंग में यह गोरखधंधा चल रहा था। यह पशुओं का बाड़ा है, जिसकी आड़ में यह कारोबार किया जा रहा था। बड़ी चालाकी से शातिरों ने नकली शराब के कारोबार को कर रहे थे। यहां पर नकली शराब बनाकर इसे उत्तर प्रदेश भेजा जाता था। मौके पर शराब के जो लेबल बरामद किए गये हैं, वे सभी उत्तर प्रदेश के ब्रांडों से संबंधित हैं।

**यह सामान हुआ बरामद**

मौके से टीम ने नकली शराब बनाने का भारी मात्रा में सामान बरामद हुआ है। टीम ने मौक से स्प्रिट जैसा तरल पदार्थ से भरे 200 लीटर के 6 ड्रम, करीब 125 किलो क्षमता वाली 9 बड़ी बाल्टियां, एक हजार लीटर की पानी की टंकी, 200 लीटर क्षमता वाले 38 खाली ड्रम, प्लास्टिक की 20-20 लीटर की 7 कैनी खाली, तैयारशुदा शराब के विभिन्न ब्रांडों के लगभग 30-35 पव्वे, खाली गत्ते की लगभग 500 पेटियां, तीन प्लास्टिक पैकेट, जिनमें विभिन्न प्रकार के लेबल, 20 लीटर का कैन जिसमें शराब को कलर देने वाला कैमिकल भरा था, बरामद किया गया।

Source: https://www.jagran.com/haryana/panipat-fake-liquor-business-busted-in-ambala-consignment-was-to-be-sent-from-haryana-to-up-21448554.html